अरुण सिंह
राष्ट्रीय महासचिव

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

Letter – GS/HQ/ - 05/407

दिनांक : 2 अक्टूबर 2015

प्रदेश अध्यक्ष/प्रदेश महामंत्री (संगठन)/ प्रदेश प्रभारी

प्रिय बन्धुवर/भगिनी

सादर अभिवादन

विषय : 11 अक्तूबर 2015 को भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में।

मान्यवर,

आशा है कि आप भाजपा प्रशिक्षण अभियान एवं संगठन पर्व 2015 में व्यस्त होंगे।

आपको स्मरण होगा कि 11 अक्तूबर को **"भारत रत्न"** लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की 113वीं जयंती है। जय प्रकाश जी ने देश के अंदर कांग्रेस की सरकारों द्वारा फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ करोड़ों नौजवानों को प्रेरणा देकर उन्हें लोकतंत्र की रक्षा हेतु प्रेरित किया था। बिहार व गुजरात के विश्वविद्यालय की कैन्टीन से निकले आंदोलन को राष्ट्रीय जनान्दोलन में तब्दील किया था।

आपातकाल के काले दौर में जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गॉधी ने पूरे देश को कारागार बना दिया था, यहॉं तक की प्रेस की अभिव्यक्ति एवं व्यक्तिगत आजादी पर भी कुठारघात किया गया था। इस आपातकाल के विरूद्ध जिसने भी आवाज उठाई उसे जेल में डाल दिया गया। 600 से ज्यादा लोकप्रिय नेताओं को जेलों में बंद किया गया। संकट की उस घड़ी में लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में सामने आकर श्री जय प्रकाश नारायण जी ने राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया और देश को नई दिशा प्रदान की।

पार्टी ने तय किया है कि जयप्रकाश नारायण जी के जन्म दिवस (11 अक्तूबर 2015) को हम लोकतंत्र पर्व के रूप में मनायेंगे जिसका नाम **"लोकतंत्र की रक्षा दिवस"** होगा।

इस संदर्भ में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन करने का निश्चय किया गया है।

1. कार्यक्रम का स्वरूप सेमिनार, हॉल मीटिंग, गोष्ठी या अन्य प्रकार से हो।

कार्यालयः 11, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001, दूरभाष : 011-23005700 फैक्स : 011-23005787
निवासः सी-53, परवाना अपार्टमेन्ट, मयूर विहार-1, दिल्ली-110091, दूरभाष : 011-22746568
ईमेलः arunsinghbjp@gmail.com www.facebook.com/arunsinghbjp twitter.com/arunsinghbjp

अरुण सिंह
राष्ट्रीय महासचिव

2. इस कार्यक्रम में 1975 से 1977 के मीसा बंदियों को सम्मानित करना।
3. जेपी जी के जीवन को याद कर लोकतंत्र के बारे में प्रेरणा हासिल करना।
4. आपातकाल के दौरान जो अत्याचार हुये उन्हें याद करना। मुख्य नेताओं के योगदान को याद करना।
5. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शपथ दिलवाना कि हम लोकतंत्र की रक्षा के लिये सदैव प्रतिबद्ध रहेगें।

आपको निम्नलिखित सामग्री/निर्देश समयानुसार भेजा जायेगा।

1. भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश जी के जीवन परिचय और आपातकाल के दौरान हई घटनाओं पर बातचीत के प्रमुख बिन्दु।
2. शपथ पत्र
3. बैनर एवं बैकड्राप का डिजायन

कार्यक्रमों में सभी जन प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, आपातकाल से संबंधित व्यक्तियों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों की भागीदारी सुनिश्चत करें। कार्यक्रम प्रदेश की राजधानी एवं संभागीय स्तर पर अवश्य आयोजित हों। जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजन करने का प्रयास हो।

बिहार विधानसभा चुनाव में लगे हुए नेतागण एवं कार्यकर्ता उसी प्रदेश (बिहार)में कार्यरत रहेंगें।

आशा है आप सभी कार्यक्रमों की रचना कर केन्द्र को सूचित करेंगे एवं कार्यक्रम संपन्न होने के बाद कार्यक्रम की फोटो/प्रेस कटिंग/विडियो कवरेज इत्यादि केन्द्रीय कार्यालय को अवश्य भेजें।

धन्यवाद.......

भवदीय

अरूण सिंह

प्रतिलिपिः

मा. श्री अमित शाह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा
मा. श्री रामलाल जी, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) भाजपा

कार्यालयः 11, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001, दूरभाष : 011-23005700 फैक्स : 011-23005787
निवासः सी-53, परवाना अपार्टमेन्ट, मयूर विहार-1, दिल्ली-110091, दूरभाष : 011-22746568
ईमेलः arunsinghbjp@gmail.com www.facebook.com/arunsinghbjp twitter.com/arunsinghbjp